एजीएम ने किया स्टेशन रिडेवलपमेंट का निरीक्षण

कांक्रीट मैटेरियल और कॉस्टिंग को लेकर बारीकी से की जांच

नवभारत न्यूज

सतना, 26 दिसंबर. सतना रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट के कार्य की मॉनिटरिंग को लेकर मंडल स्तर के अधिकारियों की टीम द्वारा आए दिन सतना पहुंचकर निरीक्षण किया जाता है. इसी कड़ी में इन कार्यों की बारीकी से जांच करने के लिए अपर महाप्रबंधक रेल भी पहुंचे. जिनकी उपस्थिति में कांक्रीट स्लैब के मैटेरियल से लेकर उसकी कास्टिंग जैसे पहलुओं की कड़ी निगरानी की गई.

जबलपुर रीवा शटल ट्रेन में लगे विशेष सैलून में सवार होकर अपर महाप्रबंधक रेल जबलपुर मंडल प्रमोद कुमार खत्री शुक्रवार को सतना पहुंचे. मंडलीय अधिकारियों सहित स्थानीय रेल अधिकारियों की टीम के साथ एजीएम ने रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट कार्य का निरीक्षण शुरु किया. इस दौरान एक ओर जहां निर्माण साइट पर पहुंचने के बाद एजीएम द्वारा उपयोग किए जा रहे मैटेरियल की बारीकी से जांच की. वहीं दूसरी ओर मैटेरियल की लैब टेस्टिंग भी कराई गई. इतना ही नहीं बल्कि इस दौरान एजीएम द्वारा यह जानकारी भी ली गई कि कांक्रीट स्लैब ढालने के बाद कितने समय तक इंतजार किया जाता है. स्लैब का तराई कितने समय तक की जाती है. जानकारी सामने आने पर एजीएम द्वारा संतुष्टि जताते हुए स्पष्ट हिदायत दी कि निर्माण कार्य के मानकों में किसी भी तरह से समझौता नहीं किया जाएगा. लेकिन वहीं दूसरी ओर जब निर्धारित समय सीमा के आधार पर अब तक हुए कार्यों का आंकलन किया तो मामला काफी पीछे नजर आने लीगा. जिस पर नाराजगी जताते हुए एजीएम ने निर्माण एजेंसी श्याम इंफ्राटेक के सुपरवाइजर को फटकार लगाई कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है. लिहाजा यदि कार्य में अपेक्षित गति नहीं पाई जाती है तो निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई शुरु की जाएगी. रेलवे स्टेशन रिडेवलपमेंट कार्य से संबंधित सभी पहलुओं की बारीकी से जांच करने के बाद अपर महाप्रबंधक रेल श्री खत्री शुक्रवार की शाम पटना-एलटीटी एक्सप्रेस में लगे अपने विशेष सैलून में सवार होकर जबलपुर की ओर प्रस्थान कर गए.

सीएमई आज करेंगे निरीक्षण

प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के चीफ मैकेनिकल इंजीनियर तुषार सिंह शनिवार को सतना पहुंचेंगे. जहां पर उनके द्वारा रेलवे स्टेशन रिडेवलपमेंट कार्य का निरीक्षण किया जाएगा. बताया गया कि चीफ इंजीनियर अपनी टीम के साथ निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन के यांत्रिक पहलुओं की बारीकी से जांच करेंगे. गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन रिडेवलपमेंट कार्य आरंभ होने के बाद मंडल स्तर से उसकी मॉनिटरिंग करने के लिए नियमित समयांतराल पर रेल अधिकारियों की टीम यहां पहुंचती रही है.

नसबंदी के साल भर के अन्दर फिर हुई संतान

पीड़ित दंपत्ति ने की न्याय-मुआवजे की मांग

नवभारत न्यूज

सतना 26 दिसंबर. दांपत्य जीवन में 2 बेटी और 1 बेटा होने के बाद आपसी सहमति के आधार पर पत्नी की नसबंदी करा दी गई. लेकिन 6 माह बाद पत्नी की तबियत गड़बड़ होने पर जब अस्पताल में जांच कराई मालुम हुआ कि वह एक बार फिर से गर्भवती है.

शारीरिक कमजोरी के चलते गर्भपात भी नहीं कराया जा सका. नतीजतन नसबंदी के बावजूद चौथी संतान के जन्म लेने के बाद अब उसके लालन-पालन को लेकर दंपत्ति चिंतित हो रहे हैं. इसी कड़ी में न्याय और क्षतिपूर्ति की मांग की जा रही है.

शहर के बढ़इया टोला सिद्धार्थ नगर निवासी नंद किशोर बुनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें 7 वर्ष का बेटा, 4 वर्ष की बेटी और 2 वर्ष की बेटी है. तीन संतान होने के बाद पति-पत्नी दोनों से आपसी सहमति से नसबंदी कराने का निर्णय लिया. इसी आधार पर नंद किशोर ने अपनी पत्नी फूलकुमारी कोरी उम्र 29 वर्ष की नसबंदी जिला चिकित्सालय में 23 दिसंबर 2024 को कराई थी. इतना ही नहीं बल्कि जिला चिकित्सालय द्वारा इस संबंध में प्रमाण पत्र जारी किया गया था. नंद किशोर के अनुसार लगभग 6 महीने पहले उनकी पत्नी की तबियत कुछ बिगड़ने लगी. उल्टियां और चक्कर की समस्या को देखते हुए नंद किशोर ने पत्नी को संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रीवा में चिकित्सक को दिखाया. जहां पर हुई जांच में यह चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि उनकी पत्नी फिर से गर्भवती हैं. लिहाजा वे एक बार फिर अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल सतना पहुंचे और नसबंदी के बावजूद पत्नी के गर्भवती होने की जानकारी दी. जिला चिकित्सालय में हुई जांच में भी इस बात की पुष्टि हुई. लिहाजा स्टॉफ द्वारा गर्भपात कराने की सलाह दी गई. लेकिन जांच में शारीरिक कमजोरी सामने आने पर गर्भपात कराने से चिकित्सकों द्वारा मना कर दिया गया. वहीं दो दिन पहले शुरु हुई प्रसव पीड़ा के चलते फूलकुमारी को अस्पताल लाया गया. जहां पर उसने एक और बेटी को जन्म दिया. हलांकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य बताए गए लेकिन नसबंदी के बावजूद चौथी संतान होने पर उसके लालन-पालन को लेकर दंपत्ति की चिंताएं बढ़ गईं हैं. जिसे देखते हुए उनके द्वारा इस संबंध में न्याय-क्षतिपूर्ति की मांग की जा रही है.

पुष्टि होने पर मिलेगा हर्जाना

इस संबंध में जब सिविल सर्जन एवं अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. अमर सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नसबंदी कराने के बावजूद महिला के मां बनने का प्रकरण उनके संज्ञान में आया है. जिसे देखते हुए नसबंदी से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच कराई जा रही है. जांच में यदि नसबंदी के फेल होने की पुष्टि होती है तो फिर संबंधित दंपत्ति को नियमानुसार राज्य शासन द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी.

ऑनलाइन सेवाओं के नाम पर लाखों की ठगी

सामने आईं 9 शिकायतें, कियोस्क संचालक फरार

नवभारत न्यूज

सतना, 26 दिसम्बर. जिले के बिरसिंहपुर कस्बे में डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन सेवाओं के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। फिनो व रोनेट जैसी कंपनियों की डिजिटल आईडी का इस्तेमाल कर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन का कारोबार करने वाला व्यापारी जितेंद्र गुप्ता दर्जनों लोगों को चूना लगाकर फरार हो गया।

आरोपी जितेंद्र वार्ड नंबर 6 में मनी ट्रांसफर व ऑनलाइन काम का धंधा चलाता था। स्थानीय निवासियों व व्यापारियों के बीच उसकी अच्छी साख थी, जिससे लोग भरोसेमंद मानकर बड़ी रकम जमा करते थे। पिछले एक हफ्ते से उसकी दुकान बंद है और फोन स्विच ऑफ आ रहा है। अब तक 9 लोगों ने सभापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इनमें माइक्रो फाइनेंस कंपनी क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण के मैनेजर शैलेंद्र लोधी के 3.02 लाख, पिपरीटोला कियोस्क संचालक रवि शंकर वर्मा के 9 लाख, अनुज त्रिपाठी के 1.40 लाख, रत्न सिंह के 1.50 लाख, किशन शर्मा के 1.80 लाख और देवेश द्विवेदी के 1.10 लाख रुपये शामिल हैं। अन्य छोटे-बड़े लेनदार भी सामने आ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जितेंद्र ने सुनियोजित तरीके से भरोसा जीता और रकम जमा होते ही भाग गया। टीआई शंखधर द्विवेदी ने बताया कि जांच चल रही है, आरोपी का पता लगाया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल से कराया जाएगा दस्तावेजों का सत्यापन

दरगाह में रह रहे व्यक्ति पर बंग्लादेशी होने के आरोप लगे

नवभारत न्यूज

सतना 26 दिसंबर. मैहर जिले के मुकुंदपुर क्षेत्र में स्थित दरगाह में शिक्षक बनकर रह रहे व्यक्ति के बंग्लादेशी होने के आरोप सामने आते ही पुलिस सक्रिय हो गई और जांच शुरु कर दी. संबंधित व्यक्ति के पास से मिले सारे दस्तावेज पश्चिम बंगाल के पाए गए हैं. लिहाजा दस्तावेजों की तस्दीक पश्चिम बंगाल से कराई जा रही है.

प्राप्त जानकारी अनुसार मैहर जिले की मुकुंदपुर दरगाह में शिक्षक बनकर रह रहे कौसर आलम पर वहां के स्थानीय रहवासियों द्वारा इस बात के गंभीर आरोप लगाए गए कि वे बंग्लादेशी हैं. इतना ही नहीं बल्कि रहवासियों द्वारा यह भी बताया गया कि कौसर न सिर्फ बंग्लादेशी हैं बल्कि उन्होंने अपने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वोटर आईडी, आधार कार्ड, बीपीएल कार्ड और समग्र आईडी भी प्राप्त कर लिया है. जिसके एवज में कौसर द्वारा सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में सक्रिय हिंदू संगठन भी लामबंद हो गए और पुलिस में शिकायत की गई. वहीं मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने भी बिना देर किए जांच शुरु कर दी. पुलिस ने कौसर से पूछताछ करते हुए उसके सभी दस्तावेज तलब किए. जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि कौसर के सारे दस्तावेज पश्चिम बंगाल और बंग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्र के हैं. जिसके चलते यह संभावसना जताई जाने लगी कि संभवत: बंग्लादेश से पलायन करने के बाद कौसर पश्चिम बंगाल पहुंचा होगा और वहां पर उसने फर्जी दस्तावेज बनवा लिए होंगे.

लिहाजा उसकी गिरफ्तारी की मांग की जाने लगी. लेकिन इस मामले की स्थिति तब स्पष्ट होती नजर आई जब पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह द्वारा सोशल मीडिया में जानकारी साझा की गई. एसपी के अनुसार कौसर आलम के बंग्लादेशी होने के विषय में अब तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं. जिसे देखते हुए इस मामले में गिरफ्तारी भी नहीं की गई है. कौसर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन पश्चिम बंगाल से कराया जाएगा.

मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को लेकर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

नवभारत न्यूज

सतना 26 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 27 दिसम्बर को सतना जिले के प्रवास के दौरान कार्यक्रम स्थल आईएसबीटी, मेडिकल कॉलेज परिसर सतना एवं बीटीआई मैदान में आयोजित कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा एवं प्रभारी तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा को आगमन एवं प्रस्थान स्थल हेलीपैड एवं एयरपोर्ट पर तैनात रहेंगे। कार्यक्रम स्थल में एसडीएम सुमेश द्विवेदी, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, ग्रीन रूम में नायब तहसीलदार सौरभ द्विवेदी, सर्किट हाउस में नायब तहसीलदार राजेश सिंह, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख लालमणि पाण्डेय को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल मंच के लिए एसडीएम बीके मिश्रा, कार्यक्रम स्थल दीर्घा के लिए प्रभारी तहसीलदार सुश्री प्रज्ञा दुबे, प्रभारी तहसीलदार सुश्री ज्योति पटेल, नायब तहसीलदार मुकेश साहू तथा आईएसबीटी के शिलान्यास में प्रभारी तहसीलदार हिमांशु शुक्ला निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर विकास सिंह होंगे।

राज्यमंत्री ने किया सोहावल तरहटी में पीसीसी रोड का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

सतना 26 दिसम्बर. नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सोहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहावल में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत पानी टंकी से एनएच 75 की ओर 20 लाख रूपये की लागत से बनाई गई पीसीसी रोड का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि रैगांव विधानसभा क्षेत्र को विकसित विधानसभा बनाने के प्रयास में अग्रणी होकर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की 122 ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्य कराने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। राज्यमंत्री ने कहा कि शिवराजपुर में 250 हेक्टेयर भूमि में 100 किलो मेगावाट का बडा सोलर प्लांट लगाया जा रहा है।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर बडा अखाडा सोहावल के महंत धरणीधराचार्य महाराज, जनपद सदस्य मितालिका सिंह, एसडीएम एलआर जांगडे, सीईओ जनपद सोहावल प्रतिपाल बागरी, तहसीलदार सौरभ द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष ओम सिंह, सरपंच सोहावल अजय चतुर्वेदी, सोहौला भगवानदास चैरसिया, बाबूपुर राहुल, उप सरपंच मुन्नी खान, राकेश मोहन त्रिपाठी, मंगलशरण चतुर्वेदी, कृपाशंकर त्रिवेदी सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आठवें दिन व्यापार मेला में मनोरंजन के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे

नवभारत न्यूज

सतना, 26 दिसम्बर. म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज 27 दिसम्बर 2025 को सायं 3 बजे मुख्य अतिथि के रूप में मेले का अवलोकन करेंगे।

इस अवसर पर व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया है सतना के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह एवं विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार एवं जिले के विधायकगण कार्यक्रम में सम्मलित होंगे ।विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला में आज आठवें दिन अतिथि के रूप मे पधारे चंद्रकमल त्रिपाठी, मनीष तिवारी, पद्मा शंकर ट्रस्ट के ट्रस्टी जयदेव ताम्रकार, संजय सिंह पीली, रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा, मनसुख पटेल साथ ही चेम्बर की सहयोगी संस्था पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ, प्लाईवुड एण्ड हार्डवेयर एसो., श्री लाल बहादुर शास्त्री व्यापारी संघ, उचेहरा व्यापारी संघ, न्यू सतना जिला बाराज घर एण्ड टेन्ट एसो, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की टीम एवं सतना के मीडिया जगत के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। चेम्बर महामंत्री ने बताया कि विन्ध्य चेम्बर द्वारा आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला के 12वें संस्करण के मेले का भव्य शुभारंभ और संचालन इन दिनों शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

आरम्भ विन्ध्य दिव्यांग रत्न सम्मान 2025 का आयोजन कल

नवभारत न्यूज

सतना, 26 दिसम्बर. आरम्भ युवाओं की एक नई सोच समिति, सतना द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनकी उपलब्धियों को समाज के समक्ष सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करने के उद्देश्य से दिनांक 28 दिसंबर 2025 (रविवार) को टाउन हॉल, सतना में आरम्भ विन्ध्य दिव्यांग रत्न सम्मान 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष श्री अंकित रॉकी शर्मा ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम विन्ध्य क्षेत्र के उन दिव्यांग प्रतिभाशाली व्यक्तियों को समर्पित है, जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला, रोजगार, उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। ऐसे दिव्यांगजनों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है ।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य अतिथि विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं। यह आयोजन दोपहर 2ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक संपन्न होगा।

एक नजर में

सांदीपनि बगहा में वीर बाल-दिवस मनाया गया

सतना। सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक विनय कनौजिया ने बताया की आज सांदीपनि विद्यालय बगहा में मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वीरबाल-दिवस का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा द्वारा छात्रों को बताया गया की साहिबजादा -जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेहसिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को बीर बाल दिवस के रूपमे मनाने का निर्णय शासन ने लिया है। अंत मे प्राचार्य रघुवंश प्रसाद मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को पुरुस्कार दीये।

सरस्वती कालीबाड़ी में गूंजा वीर साहबजादों का बलिदान

सतना। सरस्वती विद्यालय कालीबाड़ी परिसर आज गुरुगोविंद सिंह के साहबजादों के बलिदान की गाथा से जीवंत हो उठा। वीर बालदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर योगेश ताम्रकार तथा जिला सचिव भास्कर भट्टाचार्य की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। मातृ वंदना एवं वंदे मातरम की भव्य नृत्यांजलि प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि उत्तम बनर्जी ने हमारे देश की जय हो पिता दशमेश की जय हो गीत के माध्यम से सभी बच्चों एवं अभिभावकों में जोश भर दिया ।महापौर योगेश ताम्रकार ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन प्रसंग से सभी का मार्गदर्शन किया। समिति के भास्कर भट्टाचार्य ने वंदेमातरम गायन की 150 वीं जयंती पर इसके महत्व को समझाते हुए सभी को बधाई दी ।इस अवसर पर व्यवस्थापक डॉ व्ही के गाँधी ने अतिथियों को सम्मानित किया।

गृहस्थ संत रामशिरोमणि द्विवेदी का स्वर्गवास

सतना. तमसांचल युवा मंडल द्वारा मंडल के संयोजक श्रम कल्याण बोर्ड के सदस्य विनोद द्विवेदी, हरबंश द्विवेदी कोटर खंड के बौद्धिक प्रमुख, आचार्य रामदीन द्विवेदी के पूज्य पिता गृहस्थ संत रामशिरोमणि द्विवेदी के विगत 21 दिसम्बर को 104 वर्ष की उम्र में निज निवास नईबस्ती में स्वर्गवास हो गया है। युवा मंडल के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की,

डॉ . शैलेश की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

सतना, 26 दिसम्बर. शिक्षा, साहित्य और संस्कारों के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले देश के अप्रतिम गीतकार कीर्तिशेष गीतर्षि डा. सुमेर सिंह शैलेश की पुण्यतिथि पर एक भावपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गीतर्षि डा. शैलेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में उनके बहुआयामी व्यक्तित्व, शैक्षणिक योगदान तथा साहित्यिक कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी सेवायें शैक्षणिक जगत में ही केवल उल्लेखनीय नही थी, बल्कि मानवीय मूल्यों और नैतिक आदर्शों के प्रेरणास्रोत भी थे। उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने शिक्षा एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। संगोष्ठी में वक्ताओं ने यह भी कहा कि गीतर्षि डा. शैलेश का जीवन सादगी, अनुशासन और कर्मठता का प्रतीक था, जो आज भी युवा पीढ़ी एवं समाज के लिए प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में सुदामा शरद, श्रीमती दीपा गौतम, वीर भान सिंह-वरिष्ठ समाज सेवी, एडवोकेट पी.एम. मंसूरी, रचनाधार्मि सतेंद्र पांडेय, प्रोफेसर तेजभान सिंह, रामायण विश्वकर्मा, सुनील पांडे, डॉ. लोकेन्द्र प्रताप सिंह, गोरखपुर विश्वविद्यालय से आये डॉ. गौरव सिंह, अनीर सिंह, योगेश सिंह, श्रीमती श्रद्धा सिंह, डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. कविता सिंह, श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती उषा सिंह, आदित्य सिंह, श्रीमती पूनम सिंह आदि उपस्थित रहे।

बहुआयामी व्यक्तित्व था अटल जी का : मनीष

नवभारत न्यूज

सतना 26 दिसम्बर. भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी मनीष तिवारी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को एक संवेदनशील,प्रखर राष्टभक्त, कुशल वक्ता, आदर्श समाज सुधारक, कर्मयोगी, बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी राजनेता बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

स्व. अटल जी की जन्मशताब्दी के अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा स्व. अटल जी देश में ही नहीं वरन दुनिया के लोकप्रिय व्यक्तियों में शुमार थे, उन्होंने जीवन पर्यन्त अपने उसूलों और विचारों से कभी समझौता नहीं किया, देश के नवनिर्माण और 21वीं सदी के आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा।

उत्कृष्ट विद्यालय में वीर बाल दिवस पर हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सतना, 26 दिसम्बर. सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में स्थानीय वेंकट क्रमांक 1 में श प्रात: 11 बजे वीर बाल दिवस का भव्य आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों पर आधारित 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म के प्रदर्शन से हुई। अतिथियों के कार्यक्रम स्थल पर आगमन के साथ वीर साहिबजादों पर आधारित प्रदर्शनी काअवलोकन किया गया। सभी अतिथियों द्वारा साहिबजादों की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। गुरुद्वारा कलगीधर के ज्ञानी जी द्वारा साहबजादो की याद में शब्द कीर्तन वाणी सुनाई गई। गुरु नानक मिशन स्कूल द्वारा देशभक्ति बलिदान पर प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह की आंखें नमन हो गई। विषय प्रवेश के अंतर्गत गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सरदार लजपाल भाटिया ने साहिबजादों की शहादत पर लगभग 10 मिनट का प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं पंजाबी महिला समाज की श्रीमती आरती सचदेवा जी ने साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान पर अपने विचार व्यक्त किए।